# गणपति तुमको घर पर लाया हु | By Kumaar Mukesh |

गौरिसुत गणराज मेरे
घर में पधारो आज।

हे शिव गौरा के लाला
तुमको घर पर लाया हूँ,
मेरी पूरण करना आस
तुमको घर पर लाया हूँ।।

ऋद्धि सिद्धि के स्वामी
तुम कृपा बरसाते हो,
तीन लोक में लंबोदर
पहले पूजे जाते हो।
तेरी सेवा से तर जाऊँ
यही सोच के लाया हूँ,
मेरी पूरण करना आस
तुमको घर पर लाया हूँ।।

लड्डू मोदक मेवा का
भोग तुमको भाता है,
गौरा माँ का लाडला ये
बिगड़ी बनाता है।
तेरी भक्ति में खो जाऊँ
यही सोच के लाया हूँ,
मेरी पूरण करना आस
तुमको घर पर लाया हूँ।।

हे शिव गौरा के लाला
तुमको घर पर लाया हूँ,
मेरी पूरण करना आस
तुमको घर पर लाया हूँ।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%81-by-kumaar-mu/